बेटियां ईश्वर का वरदान हैं

जो कोख में अपनी बेटी को मरवाते
जीते जी तड़पते हैं कभी सुख नहीं पाते
बेटियां ममता की पहचान हैं
बेटियां ईश्वर का वरदान हैं

किस्मत वालों के घर कन्या जनम लेती
बेटी बहन पत्नी कन्या ही माँ बनती
अपने हाथों कन्या जो दान ना कराते
जीते जी तड़पते हैं कभी सुख नहीं पाते
बेटियां ममता की पहचान हैं
बेटियां ईश्वर का वरदान हैं

बेटी अगर ना हो क्या करेगा फिर भाई
रक्षा बंधन के दिन रहे सूनी कलाई
भगवन भी पत्नी बिन सृष्टि ना चलाते
जीते जी तड़पते हैं कभी सुख नहीं पाते
बेटियां ममता की पहचान हैं
बेटियां ईश्वर का वरदान हैं

माँ बाप भगवन हैं बेटी भी है ईश्वर
जो इनको ना माने इंसान नहीं पत्थर
बेटी के कारण ही दो कुल हैं तर जाते
जीते जी तड़पते हैं कभी सुख नहीं पाते
बेटियां ममता की पहचान हैं
बेटियां ईश्वर का वरदान हैं

दुनिया में करम अच्छा बस एक कमा लेना
आशीर्वाद पाओ बेटी को बचा लेना
तप त्याग कीर्ति यश सब इसमें मिल जाते
जीते जी तड़पते हैं कभी सुख नहीं पाते
बेटियां ममता की पहचान हैं
बेटियां ईश्वर का वरदान हैं

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12654/title/betiyan-ishvar-ka-vardaan-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |